University in News on 10 August 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : पीजी के आठ कोर्सों में पहला सीट आवंटन जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक की प्रवेश प्रक्रिया के तहत शुक्रवार आठ पाठ्यक्रमों के लिए पहला सीट आवंटन जारी कर दिया। सीट आवंटन मेरिट के आधार पर किया गया है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगइन आईडी व पासवर्ड के माध्यम से सीट आवंटन देख सकते हैं।

प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने पत्र जारी करते हुए कहा कि सीट आवंटन से संतुष्ट अभ्यर्थी 12 अगस्त तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा कर दें। जिन पाठ्यक्रमों के लिए सीट आवंटन जारी किया गया है उसमें एमए होमसाइंस, एमएससी बायोकेमिस्ट्री, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, एमएससी बॉटनी, एमएससी केमिस्ट्री, एमएससी कंप्यूटर, एमए पब्लिक अर्थ व एमपीएच कम्यूनिटी हेल्थ शामिल हैं। इनका कटऑफ विवि की वेबसाइट पर अपलोड है।

12 अगस्त तक जमा करना होगा सीट कन्फर्मेशन शुल्क

12 पाठ्यक्रमों की अंतिम मेरिट सूची भी जारी

विश्वविद्यालय ने पीजी के 12 पाठ्यक्रमों की अंतिम मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के एडमिशन पेज पर जाकर पीजी सेक्शन में इसे देख सकते हैं। जिन कोर्स की मेरिट सूची जारी हुई है उसमें एमए अंग्रेजी, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, एमए गणित, एमएससी एप्लायड जियोलॉजी, एमएससी एंथ्रोपॉलिजी, एमएससी स्टैटिक्स, एमए एजुकेशन, एमए इकोनॉमिक्स, एमए-एमएससी एंथ्रोपॉलिजी व एमए एआईएच शामिल हैं।

लविवि : आठ विभागों को मिले 29 नए शिक्षक

कार्यपरिषद ने 22 संविदा व सात नियमित शिक्षकों की नियुक्ति को दी मंजूरी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के आठ विभागों में 29 नए शिक्षकों की नियुक्ति की हुई है। कार्यपरिषद की बैठक में शुक्रवार को इन नियुक्तियों पर मुहर लगाई गई। इसी के साथ लंबे समय से इन विभागों में खाली चल रहे पदों को भरे जाने की प्रक्रिया भी पूरी हुई। इससे इन विभागों में बिना बाधा पठन पाठन का कार्य सुचारू रूप से चल सकेगा। नई नियुक्तियों में 22 संविदा शिक्षक और सात नियमित शिक्षक हैं।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यपरिषद की बैठक में संविदा भर्ती के तहत शारीरिक शिक्षा विभाग में चार असिस्टेंट प्रोफेसर, आईएमएस में 13 असिस्टेंट प्रोफेसर और एमबीए फाइनेंस में तीन असिस्टेंट प्रोफेसर व पत्रकारिता में दो असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की मंजूरी मिली है।

वहीं, नियमित पदों पर अर्थशास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर पर दो पद, मॉलिक्युलर बायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी में एसोसिएट प्रोफेसर का एक पद और बायोकेमिस्ट्री विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के तीन पदों पर और विधि विभाग में एक असिस्टेंट प्रोफेसर के एक पद पर नियुक्ति की गई।

इसके साथ ही बायोकेमिस्ट्री विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कुसुम यादव और बायोटेक्नोलॉजी की मीनल गर्ग को प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति दी गई। शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. मोहम्मद तारिक को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज 1 से असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज 2 पर प्रोन्नत किया गया। कार्यपरिषद में विद्या परिषद, वित्त समिति, प्रवेश समिति और परीक्षा समिति के पूर्व की बैठकों के प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई।

विधि विभाग में एक असिस्टेंट प्रोफेसर की हुई नियुक्ति



ललित कला संकाय में पहली बार मिलेगा पदक

- लखनऊ विश्वविद्यालय के 67वें दीक्षांत समारोह में ललित कला संकाय में पहली बार पदक वितरण होगा। कार्यपरिषद की बैठक में संकाय में कुमारी रागिनी उपाध्याय स्वर्ण पदक दिए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही एचआरडीसी का नाम बदल कर मदन मोहन मालवीय टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर करने की अनुमति प्रदान की गई।

पार्ट टाइम एमटेक के इंटरव्यू 14 को

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पार्ट-टाइम एमटेक में प्रवेश के लिए साक्षात्कार 14 अगस्त को होंगे। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी है। सभी अभ्यर्थियों को नवीन परिसर स्थित संकाय में बुलाया गया है। लविवि में पांच स्ट्रीम में पार्ट-टाइम एमटेक के लिए की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इसमें कुल सौ सीटें हैं। अभ्यर्थी को साक्षात्कार में उसकी परफार्मेंस के आधार पर दाखिला दिया जाएगा।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पार्ट एमटेक कार्यक्रम को मुख्य रूप से नौकरी करने वाले लोगों के लिए डिजाइन किया गया है। वर्तमान में इसकी मांग भी बढ़ी है, इसलिए विवि ने इसकी पढ़ाई शुरू कराने का निर्णय लिया है। विवि में जिन पांच स्ट्रीम में पार्ट-टाइम एमटेक में प्रवेश चल रहे हैं उसमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग इन साइबर सिक्योरिटी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पावर सिस्टम और मेकेनिकल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रियल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग शामिल हैं।

लविवि में एनसीसी की नई इकाई

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की एयर विंग की सीनियर डिवीजन की एक नई इकाई को मंजूरी प्रदान की गई है। विद्यार्थी इसी सत्र से इसमें प्रवेश ले सकेंगे। नई इकाई 5 यूपी एयर एनसीसी के नाम से जानी जाएगी।

- प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि नई विंग के लिए सहमति मिलना विवि के लिए गर्व की बात है। इसमें एनसीसी के तीनों विंग यानी आर्मी, एयर और नेवल विंग शामिल हैं। एनसीसी की आर्मी और नेवल विंग विवि में लंबे समय से काम कर रही हैं। हालांकि, नई एयर विंग एनसीसी इकाई विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं और सह-पाठ्यचर्या विकल्पों की विशाल श्रृंखला में एक नया आयाम होगी। डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्य को विश्वविद्यालय के एयर विंग का एसोसिएट एनसीसी अधिकारी नियुक्त किया गया है। (संवाद)

HT PAGE 4

LU EXEC COUNCIL APPROVES NEW MEDAL

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW: A proposal to introduce a new medal in the fine arts department was approved by the executive council of the Lucknow University (LU) on Friday.

This was among several other proposals approved by the council. The medal named after an alumna of Arts college of Lucknow University, Ragini Upadhyay—Kumari Ragini Upadhyay Gold Medal—will be awarded to the best performing student of fine arts department.

"Last February, I proposed to introduce a medal for best performing girl student pursuing fine arts from the Arts college of Lucknow University. This medal is to pay tribute to all my gurus who helped me become whatever I am today. This is also to cherish my bond with the College and city. My purpose is to motivate youth and especially young women into fine arts," said Ragini Upadhyay.

Appointments of two assistant professors on regular seats in economics department, one assistant professor in law department, one associate professor each in biotechnology and molecular biology and three associate professors in biochemistry on regular posts were also approved.

लखनऊ विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग की ओर से शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया।

क्रांतिकारियों के विचारों को अपनाएं

लखनऊ। स्वाधीनता संघर्ष के क्रांतिकारियों को याद करना एक बात है और उनके विचारों को समझना और अपनाना अलग बात है। यह बात डॉ. दुर्गेश चौधरी ने एलयू में शुक्रवार को कही। वह हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। मुख्य वक्ता रोहित खत्री ने बताया कि किस तरह से काकोरी ट्रेन एक्शन ने आजादी के आंदोलन को एक नई दिशा दी।

HINDUUSTAN PAGE 6

सात रेगुलर, 22 संविदा शिक्षक नियुक्त

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्य परिषद की बैठक में सात रेगुलर और 22 संविदा शिक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी दी गई। इसके अलावा बैठक में विद्या परिषद, वित्त समिति, प्रवेश समिति और परीक्षा समिति की पूर्व की बैठकों के प्रस्ताव और मिनट्स को भी पास किया गया। एलयू के मंथन हॉल में शुक्रवार को कार्य परिषद का आयोजन किया गया था। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि बायोकेमेस्ट्री विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर कुसुम यादव को प्रोफेसर पद और बायोटेक्नोलॉजी की एसोसिएट प्रोफेसर मीनल गर्ग को प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति प्रदान किया गया। इसी प्रकार शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. मोहम्मद तारिक को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज एक से असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज दो पर प्रोन्नति प्रदान की गई। इसके अलावा संविदा शिक्षकों की नियुक्तियां भी कई गई हैं। शारीरिक शिक्षा विभाग में चार असिस्टेंट प्रोफेसर, आईएमएस में 13 असिस्टेंट प्रोफेसर, एमबीए फाइनेंस में तीन असिस्टेंट प्रफेसर और पत्रकारिता में 2 असिस्टेंट प्रफेसर की नियुक्ति की गई। वहीं रेगुलर पदों पर नियुक्त किया गया है। अर्थशास्त्र विभाग में दो असिस्टेंट प्रफेसर, मॉलिक्युलर बायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी में एक एसोसिएट प्रोफेसर और बायोकेमेस्ट्री विभाग में तीन एसोसिएट प्रोफेसरों नियुक्ति की गई है। इसके अलावा विधि विभाग में एक असिस्टेंट प्रोफेसर को नियुक्ति किया गया है।

दीक्षांत में नए पदक की स्वीकृति दी गई

कार्य परिषद की बैठक में एचआरडीसी का नाम बदलने का निर्णय भी लिया गया। अब एचआरडीसी को मदन मोहन मालवीय टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर के रूप जाना जाएगा। दीक्षांत समारोह में इस एक नया पदक दिया जाएगा। ललित कला संकाय में कुमारी रागनी उपाध्याय स्वर्ण पदक को प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

एमए, एमएससी के लिए मेरिट सूची जारी

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में शैक्षिक सत्र 2024-25 परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत एमए और एमएससी के 12 कार्यक्रमों की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में अधिष्ठाता प्रवेश की ओर से निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। अधिष्ठाता प्रवेश प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि एमए अंग्रेजी, गणित, मानवशास्त्र, सांख्यिकी, अर्थशास्त्र, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व, शिक्षाशास्त्र और एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, मानवशास्त्र व सांख्यिकी, एप्लाइड जियोलॉजी पाठ्यक्रम की संपूर्ण मेरिट सूची घोषित कर दी गई है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के पीजी एडमिशन पेज पर जाकर रिजल्ट देख सकते हैं।

आठ पाठ्यक्रमों का पहला सीट अलॉटमेंट जारी

एलयू परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत आठ पाठ्यक्रमों का पहला सीट अलॉटमेंट घोषित कर दिया गया है। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव का कहना है कि एमए गृह विज्ञान, एमएससी जैवरसायन, बायोटेक्नोलॉजी, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, मास्टर इन पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन और मास्टर इन पब्लिक हेल्थ पाठ्यक्रम का पहला सीट अलॉटमेंट घोषित कर दिया है। डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि पहले सीट अलॉटमेंट का परिणाम मेरिट के आधार पर जारी किया गया है। प्रवेश समन्वयक के अनुसार 12 अगस्त तक फीस जमा कर सकते हैं।

PIONEER PAGE 3

एचआरडीसी का नाम बदला, अब बना मदन मोहन मालवीय टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर स्थित ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सेंटर को अब मदन मोहन मालवीय टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर के रूप में जाना जायेगा। शुक्रवार को विधि में सम्पन्न हुई कार्य परिषद की बैठक ने नाम बदलने की स्वीकृति दे दी है। विधि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित कार्य परिषद की बैठक में विद्या परिषद, वित्त समिति, प्रवेश समिति और परीक्षा समिति के पूर्व की बैठकों के प्रस्ताव/मिनट्स को पारित किया गया। बैठक में बायोकेमेस्ट्री विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर कुसुम यादव को प्रोफेसर पद पर और बायोटेक्नोलॉजी की प्रोफेसर मीनल गर्ग को प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति प्रदान किया गया। इसी प्रकार शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉक्टर मोहम्मद तारिक को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज 1 से असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज 2 पर प्रोन्नति प्रदान किया गया। संविदा नियुक्तियों में शारीरिक शिक्षा विभाग में चार असिस्टेंट प्रोफेसर, आईएमएस में 13 असिस्टेंट प्रोफेसर और एमबीए फाइनेंस में तीन असिस्टेंट प्रोफेसर और पत्रकारिता में दो असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की गई। रेगुलर पदों पर अर्थशास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर पर दो पद, मॉलेक्युलर बायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी में एसोसिएट प्रोफेसर के तीन पदों पर और विधि विभाग में एक असिस्टेंट प्रोफेसर के एक पद पर नियुक्ति की गई। ललित कला संकाय में कुमारी रागनी उपाध्याय स्वर्ण पदक को प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

एलयू के छात्र के स्टार्टअप को मिली सरकार से वित्तीय मदद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के बीबीए (अंतरराष्ट्रीय व्यापार) के छात्र यश तिवारी द्वारा वर्ष 2023 में शुरू किये गये स्टार्ट अप को सरकार से वित्तीय मदद मिली है। इस स्टार्टअप का केंद्र हॉकर नामक एक अत्याधुनिक तकनीकी प्लेटफॉर्म है, जो भारतीयों के शॉपिंग और यात्रा करने के तरीके को बदलने के लिए डिज़ाइन किया गया है। स्टार्टअप हॉकर ब्रांड नाम के तहत एक तकनीकी प्लेटफॉर्म प्रदान करता है जो किराना, भोजन और अन्य वस्तुओं के लिए यात्रा और शॉपिंग को सरल बनाता है। हॉकर स्टार्टअप, भारत व भारतीय छोटे और स्थानीय व्यवसायों के लिए विशेष तकनीकी समाधान और सुरक्षा प्रदान करता है। हॉकर का दृष्टिकोण है कि तकनीक के माध्यम से असंगठित क्षेत्र की सेवा के तरीके को क्रांतिकारी तरीके से बदलना और पर्यटन उद्योग में सहज रूप से एकीकृत करना है। शुरू में, उत्पाद का उद्देश्य सड़क विक्रेताओं और समाजों तथा अपार्टमेंट्स के निवासियों के बीच की खाई को पाटना है, जिससे असंगठित क्षेत्र को एक संगठित इकाई में बदला जा सके। कंपनी का दृष्टिकोण अपने प्रारंभिक लक्ष्यों से बहुत दूरदर्शी है। स्टार्टअप को लविवि के इंक्यूबेशन सेल से मिले विशिष्ट मार्गदर्शन के आधार पर अंतर्गत उत्पाद का ब्लू प्रिंट और प्रोटोटाइप डिजाइन विकसित कर चुका है, स्टार्टअप ने हाल ही में यूपी सरकार से एक समर्थन ग्रांट की पहली किश्त भी प्राप्त की है। अब स्टार्टअप प्रोटोटाइप डिज़ाइन को एक न्यूनतम व्यवहार्य उत्पाद में बदलने के लिए फंड की तलाश कर रहा है, ताकि एक आधिकारिक लॉन्च जल्द ही किया जा सके। आने की योजनाओं में, स्टार्टअप अगले तीन वर्षों के भीतर पर्यटन क्षेत्र में विस्तार करने की योजना बना रहा है, जिसमें यात्रा की योजना बनाने से लेकर सभी संबंधित व्यवस्थाओं को आसान और सुव्यवस्थित अनुभव प्रदान किया जाएगा।

JAGRAN CITY PAGE III

एचआरडीसी अब मदन मोहन मालवीय टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर

विश्वविद्यालय कार्य परिषद की बैठक में प्रस्ताव को दी गई मंजूरी

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में स्थापित ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सेंटर (एचआरडीसी) का नाम अब मदन मोहन मालवीय टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर होगा। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के मंथन हाल में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को अनुमति दे दी गई। इसके अलावा संविदा के 22 और रेगुलर के सात पदों पर शिक्षकों की नई नियुक्ति को अनुमोदन और दो शिक्षकों को प्रोफेसर व एक शिक्षक को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज वन से टू में प्रोन्नति भी दी गई।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में बायोकेमेस्ट्री विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डा. कुसुम यादव और बायोटेक्नोलाजी की प्रोफेसर मीनल गर्ग को प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति दी गई। शारीरिक शिक्षा विभाग के डा. मोहम्मद तारिक को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज वन से असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज टू पर प्रोन्नति दी गई। संविदा नियुक्तियों में शारीरिक शिक्षा विभाग में चार असिस्टेंट प्रोफेसर, आइएमएस में 13 असिस्टेंट प्रोफेसर, एम.बी.ए फाइनेंस में तीन असिस्टेंट प्रोफेसर और पत्रकारिता में दो असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति को अनुमोदन दिया गया। रेगुलर पदों पर अर्थशास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर पर दो पद, मालेक्युलर बायोलाजी और बायोटेकनोलाजी में एसोसिएट प्रोफेसर का एक पद और बायोकेमिस्ट्री विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के तीन पदों पर और विधि विभाग में एक असिस्टेंट प्रोफेसर के एक पद पर नियुक्ति की गई। संविदा नियुक्तियों में शारीरिक शिक्षा विभाग में चार असिस्टेंट प्रोफेसर, आइएमएस में 13 असिस्टेंट प्रोफेसर और एमबीए फाइनेंस में तीन असिस्टेंट प्रोफेसर और पत्रकारिता में दो असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की मंजूरी मिली है।

एनसीसी नेवल विंग के लिए 20 तक मांगे नाम

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एनसीसी नेवल विंग में शामिल होने के लिए 20 अगस्त तक स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं से 20 अगस्त तक वाट्सएप नंबर 8004749626 पर नाम और क्लास की सूचना मांगी है। फाइनल चयन के लिए 25 अगस्त को फिजिकल टेस्ट और लिखित परीक्षा होगी। इच्छुक छात्र-छात्राओं को निर्धारित तिथि पर सुबह 6:30 बजे गोल्फ क्लब स्थित लामार्टिनियर इंटर कालेज में अपने अभिलेखों के साथ पहुंचना होगा।

एसोसिएट प्रोफेसर का एक पद और बायोकेमेस्ट्री विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के तीन पदों पर और विधि विभाग में एक असिस्टेंट प्रोफेसर के एक पद पर नियुक्ति की गई। इसके अलावा विद्या परिषद, वित्त समिति, प्रवेश समिति और परीक्षा समिति की पूर्व की बैठकों के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई।

दीक्षा समारोह में दिया जाएगा एक और स्वर्ण पदक : इस बार दीक्षा समारोह में एक और नया स्वर्ण पदक शुरू किया जाएगा। प्रवक्ता के अनुसार ललित कला संकाय में कुमारी रागनी उपाध्याय स्वर्ण पदक को प्रारंभ करने की स्वीकृति बैठक में दी गई है।

इनसीसी में चयन के लिए परीक्षा : नेताजी राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलेगंज में शुक्रवार को एनसीसी में नामांकन के लिए ओ.ए, ओ.एससी व सी.काम प्रथम वर्ष की छात्राओं की परीक्षा हुई। प्राचार्य प्रो. अनुराधा तिवारी ने बताया कि छात्राओं की लिखित परीक्षा, फ्लैट फुट परीक्षा, ऊंचाई और वजन के साथ-साथ साक्षात्कार भी लिया गया। यहां 20 यूपी गर्ल्स बटालियन से आए कमांडिंग आफिसर कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी, एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट प्रतिमा शर्मा भी उपस्थित रहीं।

स्नातक में विषय परिवर्तन का मौका : नेशनल पीजी कालेज ने स्नातक कला एवं विज्ञान संकाय के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राएं विषय परिवर्तन फार्म काउंटर नंबर छह पर 500 रुपये देकर प्राप्त कर सकते हैं। फार्म भरकर 12 अगस्त तक संकाय से काउंटर पर जमा करना होगा।

लविवि : पांच वर्षीय एलएलबी और बीसीए की सीटें भरीं

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में संबालित एल.एल.बी पांच वर्षीय और बी.सी.ए पाठ्यक्रम की सभी सीटों पर प्रवेश पूरे हो गए हैं। प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव ने बताया कि अब केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत जुड़े कालेजों में इन कोर्सों में दाखिले के लिए अभ्यर्थी आवंटित किए जा रहे हैं।

साक्षात्कार कल से : लखनऊ विश्वविद्यालय में एम.बी.ए और एम.एफ.ए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 10 व 11 अगस्त को होंगे। इसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। डीन एडमिशन प्रो. पंकज माथुर ने इसकी समय सारिणी जारी की है। रोल नंबर 20242007452 से 20242013453 तक वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक, रोल नंबर 20242022208 से 20242031154 वाले अभ्यर्थियों के साक्षात्कार दोपहर एक से शाम चार बजे तक होंगे। 11 अगस्त को रोल नंबर 20242004068 से 20242042835 का साक्षात्कार सुबह नौ से दोपहर 12 बजे और रोल नंबर 20242036423 से 20242032633 का साक्षात्कार दोपहर एक से शाम चार बजे तक होगा।

पार्टटाइम एमटेक के साक्षात्कार 14 को : लविवि के इंजीनियरिंग संकाय में संचालित पार्ट टाइम एम.टेक में प्रवेश के लिए साक्षात्कार 14 अगस्त को जानकीपुरम द्वितीय परिसर के इंजीनियरिंग संकाय में सुबह 10 बजे से होंगे।

THE PIONEER PAGE 2

यश के स्टार्टअप को 2.10 लाख की मदद

यश तिवारी • सौजन्य से सही

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले बी.बी.ए अंतरराष्ट्रीय व्यापार तीसरे सेमेस्टर के छात्र यश तिवारी के स्टार्टअप को उत्तर प्रदेश सरकार की स्टार्टअप नीति के तहत दो लाख 10 हजार रुपये की मदद मिली है। यश ने बताया कि इस स्टार्टअप का केंद्र 'हाकर' नामक एक अत्याधुनिक तकनीकी प्लेटफार्म है, जो भारतीयों के शॉपिंग और यात्रा करने के तरीके को बदलने के लिए डिजाइन किया गया है।

'पहले फेज में उत्पाद का उद्देश्य सड़क विक्रेताओं, समाज और अपार्टमेंट्स के निवासियों के बीच की खाई को पाटना है। स्टार्टअप 'हाकर' ब्रांड नाम के तहत एक तकनीकी प्लेटफार्म प्रदान करता है, जो किराना, भोजन और अन्य वस्तुओं के लिए यात्रा और शॉपिंग को सरल बनाता है। सबसे पहले जो भी वेंडर इससे जुड़ेंगे उनके इक्वूमेंट पूरे कराकर सूचीबद्ध किया जाएगा। आने वाले समय में उनकी रियल टाइम मनीटरिंग भी की जा सकेगी। इस स्टार्टअप को लखनऊ विश्वविद्यालय के इंक्यूबेशन सेल से मिले विशिष्ट मार्गदर्शन के आधार पर अंतर्गत उत्पाद का ब्लूप्रिंट और प्रोटोटाइप डिजाइन विकसित कर चुका है। स्टार्टअप ने हाल ही में यूपी सरकार से एक समर्थन ग्रांट की पहली किस्त भी प्राप्त की है। अब स्टार्टअप प्रोटोटाइप डिजाइन को एक न्यूनतम व्यवहार्य उत्पाद में बदलने के लिए फंड की तलाश कर रहा है, ताकि एक आधिकारिक लॉन्च जल्द ही किया जा सके।

Startup by LU student gets financial help from govt

Lucknow (PNS): A startup founded by Yash Tiwari, a BBA (International Business) student at Lucknow University, has been recognised by the Uttar Pradesh government for financial support.

Launched in early 2023, the startup, named 'Hawkar', aims to revolutionise shopping and travel in India with its innovative tech platform.

According to Lucknow University spokesperson Durgesh Srivastava, 'Hawkar' simplifies travel and shopping for groceries, dining, and more. The platform provides tech solutions and security for small and local businesses, aiming to bridge the gap between street vendors and residents, transforming the unorganised sector into a more structured entity.

Under the mentorship of the Lucknow University incubation cell, 'Hawkar' has developed its product blueprint and prototype. The startup recently secured initial funding from a UP government sustenance allowance grant and is now focused on advancing its prototype to a minimum viable product (MVP) for an official launch.

Meanwhile, LU will host a new unit of the senior division of the Air Wing of the National Cadet Corps (NCC) – 5 UP Air NCC. The addition of the Air Wing, starting in the 2024-25 academic session, complements the existing Army and Naval Wings at the university.

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

छात्र के स्टार्टअप को मिली सरकारी वित्तीय सहायता

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीबीए (अंतर्राष्ट्रीय व्यापार)के छात्र यश तिवारी के स्टार्टअप को उत्तर प्रदेश सरकार की स्टार्टअप नीति के तहत वित्तीय सहायता मिली है। संस्थापक ने 2023 की शुरुआत में एक रोमांचक उद्यम की शुरुआत की है। इस स्टार्टअप का केंद्र हॉकर नामक एक अत्याधुनिक तकनीकी प्लेटफॉर्म है, जो भारतीयों के शॉपिंग और यात्रा करने के तरीके को बदलने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह कंपनी एक साधारण लेकिन शक्तिशाली विचार के साथ स्थापित की गई थी। स्टार्टअप हॉकर ब्रांड नाम के तहत एक तकनीकी प्लेटफॉर्म प्रदान करता है जो किराना, भोजन और अन्य वस्तुओं के लिए यात्रा और शॉपिंग को सरल बनाता है। हॉकर स्टार्टअप, भारत के छोटे और स्थानीय व्यवसायों के लिए विशेष तकनीकी समाधान और सुरक्षा प्रदान करता है। हॉकर का दृष्टिकोण है कि तकनीक के माध्यम से असंगठित क्षेत्र की सेवा के तरीके को क्रांतिकारी तरीके से बदलना और पर्यटन उद्योग में सहज रूप से एकीकृत करना है। शुरू में, उत्पाद का उद्देश्य सड़क विक्रेताओं और समाजों तथा अपार्टमेंट्स के निवासियों के बीच की खाई को पाटना है, जिससे असंगठित क्षेत्र को एक संगठित इकाई में बदला जा सके। कंपनी का दृष्टिकोण अपने प्रारंभिक लक्ष्यों से बहुत दूरदर्शी है। स्टार्टअप को लविवि के इंक्यूबेशन सेल से मिले विशिष्ट मार्गदर्शन के आधार पर अंतर्गत उत्पाद का ब्लू प्रिंट और प्रोटोटाइप डिजाइन विकसित कर चुका है, स्टार्टअप ने हाल ही में यूपी सरकार से एक समर्थन ग्रांट की पहली किश्त भी प्राप्त की है। अब स्टार्टअप प्रोटोटाइप डिज़ाइन को एक न्यूनतम व्यवहार्य उत्पाद में बदलने के लिए फंड की तलाश कर रहा है, ताकि एक आधिकारिक लॉन्च जल्द ही किया जा सके।

नई इकाई 5 यूपी एयर एनसीसी को मंजूरी

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की एयर विंग की सीनियर डिवीजन की एक नई इकाई 5 यूपी एयर एनसीसी को मंजूरी दी गई है। यह लविवि के लिए गर्व की बात है कि इसमें एनसीसी के तीनों विंग यानी आर्मी, एयर और नेवल विंग हैं। छात्र इसी शैक्षणिक सत्र 2024-25 से एयर विंग एनसीसी में प्रवेश ले सकते हैं। एनसीसी की आर्मी और नेवल विंग विश्वविद्यालय में लंबे समय से काम कर रही है। हालांकि, नई एयर विंग एनसीसी इकाई विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं और सह-पाठ्यचर्या विकल्पों की विशाल श्रृंखला में एक नया आयाम होगी। डॉ.नागेंद्र कुमार मौर्य को लविवि के एयर विंग का एसोसिएट एनसीसी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

लविवि में कार्य परिषद की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन सभागार में कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक संपन्न हुई। जिसमें विद्या परिषद, वित्त समिति, प्रवेश समिति और परीक्षा समिति के पूर्व की बैठकों के प्रस्ताव को पारित किया गया। बायोकेमेस्ट्री विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर कुसुम यादव को प्रोफेसर पद पर और बायोटेक्नोलॉजी की प्रो.मीनल गर्ग को प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति प्रदान की गई। इसी प्रकार शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ.मोहम्मद तारिक को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज 1 से असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज 2 पर प्रोन्नति मिली है। 13 असिस्टेंट प्रोफेसर और एमबीए फाइनेंस में तीन असिस्टेंट प्रोफेसर और पत्रकारिता में दो असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की गई। रेगुलर पदों पर अर्थशास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर पर दो पद, मॉलेक्युलर बायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी में एसोसिएट प्रोफेसर के एक पद और बायोकेमेस्ट्री विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के तीन पदों पर और विधि विभाग में एक असिस्टेंट प्रोफेसर के एक पद पर नियुक्ति की गई।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि में यूपी एयर एनसीसी को मिली मंजूरी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की एयर विंग की सीनियर डिवीजन की एक नई इकाई -5 यूपी एयर एनसीसी को मंजूरी दी गई है। यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि इसमें एनसीसी के तीनों विंग यानी आर्मी, एयर और नेवल विंग हैं। छात्र इसी शैक्षणिक सत्र 2024-25 से एयर विंग एनसीसी में प्रवेश ले सकते हैं। एनसीसी की आर्मी और नेवल विंग विश्वविद्यालय में लंबे समय से काम कर रही है। हालांकि, नई एयर विंग एनसीसी इकाई विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं और सह-पाठ्यचर्या विकल्पों की विशाल श्रृंखला में एक नया आयाम होगी